| |
|---|
| दिनांक 07.12.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 09/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद फतेहपुर/थाना थरियांव</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)**
- **1250/–रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07.12.2024 को थाना थरियांव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रामपुर थरियांव के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त विशाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 1250/–रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद फतेहपुर से वॉछित चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फतेहपुर, कमिश्नरेट कानपुर नगर के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना थरियांव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1– विशाल निवासी सराय प्रयाग थाना गुरूसहायगंज जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)।

2—1250/—रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद मेरठ/थाना लोहिया नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 07.12.2024 को थाना लोहियानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान जंगल ग्राम नरहेडा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नदीम उर्फ भूरा घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मेरठ के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, सीएस एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना लोहियानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नदीम उर्फ भूरा निवासी उचासद्दीक नगर थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना रसूलपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के लगभग 28 लाख रूपये कीमत के सोने–चॉदी के आभूषण**
- **चोरी के 02 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 06.12.2024 को थाना रसूलपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फतेहाबाद पुल से उतरते हुये खोखा के पास से 02 अभियुक्तों 1–राशिम 2–मो0 सारिफ को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के लगभग 28 लाख रूपये कीमत के सोने–चॉदी के आभूषण, चोरी के 02 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनॉकः 03.12.2024 को थाना रसूलपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण व रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–राशिम निवासी आवास विकास कालोनी मोती पैलेस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2–मो0 सारिफ निवासी करीमगंज थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

### बरामदगी

1–चोरी के लगभग 28 लाख रूपये कीमत के सोने–चॉदी के आभूषण।

2–चोरी के 02 लाख 34 हजार 500 रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढाना

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल**
- **02 फर्जी नम्बर प्लेट**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 07.12.2024 को थाना बुढाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुढ़ाना–कांधला, विज्ञान मार्ग से 02 अभियुक्तों 1–कादिर 2–सलमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल, 02 फर्जी नम्बर प्लेट, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कादिर निवासी निरपडा थाना दोघट जनपद बागपत हालपता–अशोक विहार खन्ना नगर थाना लोनी, गाजियाबाद।

2–सलमान निवासी अशोक विहार थाना लोनी, गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल।

2–02 फर्जी नम्बर प्लेट।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद चित्रकूट/थाना कोतवाली कर्वी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 06.12.2024 की रात्रि थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गल्ला मण्डी से 02 अभियुक्तों 1–रवि 2–अमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रवि निवासी गोकुलपुरी गल्लामण्डी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

2—अमित निवासी आदर्श गली कसहाई रोड थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

**बरामदगी**

1—चोरी की 07 मोटर साइकिल।

- **जनपद गोरखपुर/थाना पिपराईच (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 26 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना पिपराईच पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/201 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त लालक को आजीवन कारावास व 26 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद हरदोई/थाना सांडी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद हरदोई पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हरदोई द्वारा थाना सांडी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बृजेश को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद अम्बेडकरनगर/थाना अहिरौली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना अहिरौली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 323/504/506/452 भादवि व धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त श्रीनायक उर्फ मंटू को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना अगौता (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 45 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना अगौता पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376/452/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त मुश्ताक को 14 वर्ष के सश्रम कारावास व 45 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बांदा/थाना तिन्दवारी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना तिन्दवारी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त लालू सिंह को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>कमिश्नरेट गाजियाबाद (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 04 करोड़ 25 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने अभियुक्त लोकेश कुमार उर्फ लोकेश राजपूत निवासी बीएच–2, 801 क्लासिक रेजीडेन्सी, राजनगर एक्सटेंशन थाना नंदग्राम, गाजियाबाद द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 04 करोड़ 25 लाख रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

——————